
# रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाएंगे युवा

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अब हुनरमंद युवाओं की बड़ी फौज तैयार करनी होगी। देश में रक्षा विनिर्माण, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, ड्रोन, रोबोटिक्स और प्रिसिजन इंजीनियरिंग का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। अगर हमें आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग बनाना है तो आत्मनिर्भर टैलेंट पाइपलाइन भी बनानी होगी।

केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से रविवार को लखनऊ के पांच सितारा होटल में आयोजित पीएम-सेतु इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री ने उद्योग जगत से आईटीआई के कायाकल्प में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।



**राजनाथ सिंह ने रविवार को पीएम सेतु इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में अपनी बात रखी।**

लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि यूपी में पीएम-सेतु और डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को एक-दूसरे से जोड़कर बड़ा परिणाम हासिल किया जा सकता है।

## कॉन्क्लेव की खास बातें

- पीएम-सेतु की सफलता प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को कितना रोजगार मिला पर निर्भर करेगी।
- रक्षा उद्योग की जरूरत के अनुरूप प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्रोन तकनीक प्रशिक्षण शुरू किए जा सकते हैं।
- राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने पीएम सेतु को सरकार, उद्योग और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच नई साझेदारी का मॉडल बताया।
- महानिदेशक प्रशिक्षण दिलीप कुमार ने कहा कि पीएम-सेतु के तहत 1000 सरकारी आईटीआई को 200 हब और 800 स्पोक मॉडल पर आधुनिक बनाया जा रहा है।